# Rapid Fire करेंट अफेयर्स (22 June)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-june-22

- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म **फेसबुक** ने अगले साल अपनी **क्रिप्टोकरेंसी** लॉन्च करने का ऐलान किया है, जिसका नाम **लिब्रा (Libra)** होगा और इसका इस्तेमाल करने के लिये फेसबुक अकाउंट होना ज़रूरी नहीं होगा। फेसबुक ने 'लिब्रा' को **स्टेबलकॉइन** बताया है और यह बिटकॉइन जैसी अनिश्चित नहीं होगी। आपको बता दें कि कि स्टेबलकॉइन उस डिजिटल करेंसी को कहा जाता है, जिसे सरकार समर्थित मुद्राओं एवं प्रतिभूतियों का समर्थन प्राप्त होता है। फेसबुक **ब्लॉकचेन** टीम इसके लिये एक नया **डिजिटल वॉलेट** तैयार करने की योजना बना रहा है, जो **मैसेंजर** और **व्हाट्सएप** के अंदर होगा। इन दोनों एप से दोस्तों, पारिवारिक सदस्यों और व्यापारिक संस्थाओं के बीच 'लिब्रा' का लेनदेन हो सकेगा।
- भारत की स्क्वॉश खिलाड़ी जोशना चिनप्पा ने 17वीं बार राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब जीतकर नया रिकॉर्ड कायम किया है। पुणे में खेली गई 76वीं सीनियर राष्ट्रीय स्क्वॉश चैंपियनशिप के फाइनल में उन्होंने सुनयना कुरुविल्ला को पराजित किया। ज्ञातव्य है कि जोशना चिनप्पा राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के अलावा एशियाई खेलों में रजत पदक जीत चुकी हैं। इस जीत के साथ ही उन्होंने भुवनेश्वरी कुमारी के 16 राष्ट्रीय खिताब जीतने के 27 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया, जो उन्होंने वर्ष 1977 से वर्ष 1992 के बीच अपने नाम किये थे। इसी प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग के फाइनल में शीर्ष वरीय महेश मंगांवकर ने दूसरे वरीय अभिषेक प्रधान को पराजित कर खिताब जीता।
- लोकतांत्रिक तरीके से चुने गए **मिस्र** के पहले राष्ट्रपति **मोहम्मद मोर्सी** की अदालत में पेशी के दौरान मौत हो गई। वर्ष 2013 में सैन्य तख्तापलट के बाद उन्हें पद से हटा दिया गया था। पद से हटाने के बाद उन पर प्रदर्शनकारियों को गैर-कानूनी तरीके से हिरासत में लेने, देश की सूचनाएँ कतर को देने आदि कई तरह के आरोप लगाए गए थे। वर्ष 2015 में उन्हें काहिरा क्रिमिनल कोर्ट ने 20 साल कैद की सज़ा सुनाई थी। दूसरी ओर मानवाधिकार समूहों का आरोप है कि मोर्सी की मौत स्वाभाविक नहीं है। मिस्र में सैन्य शासन की स्थापना के बाद से अब्दुल फतह अल-सीसी के शासन के दौर में मानवाधिकारों के हनन का आरोप लगाया जा रहा है। ज्ञातव्य है कि वर्ष 2010-11 में मिस्र में 30 साल से चली आ रही होस्नी मुबारक की सत्ता के खिलाफ संघर्ष हुआ और उन्हें सैन्य विद्रोह के बाद पद छोड़ना पड़ा। 11 फरवरी, 2011 को उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दिया और वर्ष 2012 में उन्हें जेल भेज दिया गया, वर्ष 2017 में वह जेल से रिहा हो गए। होस्नी मुबारक के अपदस्थ होने के बाद मिस्र में हुए चुनावों में **मुस्लिम ब्रदरहुड** के प्रमुख नेता मोहम्मद मोर्सी का संगठन विजयी हुआ और वह राष्ट्रपति बने।

- अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी **नासा** ने अपनी तीन अश्वेत महिला गणितज्ञों के सम्मान में वाशिंगटन मुख्यालय के बाहर की सड़क का नाम बदल दिया है। कैथरीन जॉनसन, डॉर्थी वॉन और मैरी जैक्सन ने वर्ष 1940 से 1960 के बीच नासा के अंतरिक्ष उड़ान अनुसंधान में विशेष योगदान दिया था। इसके काफी समय बाद बाद मार्गोट ली शेटरली ने इन गणितज्ञों के ऊपर अपनी किताब **'हिडन फिगर्स'** लिखी। इसके बाद वर्ष 2016 में इसी नाम से इन पर एक फिल्म बनाई गई । वर्ष 2015 में अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने कैथरीन जॉनसन को **अमेरिका का सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रदान** किया था, जो अब 100 वर्ष की हैं। डॉर्थीवॉन की वर्ष 2005 और मैरी जैक्सन की वर्ष 2008 में मृत्यु हो गई थी। ज्ञातव्य है कि नासा अगले महीने **अपोलो-11** मिशन की 50वीं वर्षगाँठ मनाने जा रहा है।
- कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग में प्रोफेसर डॉ. रंजना अग्रवाल को **वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR)** की **राष्ट्रीय विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं विकास अध्ययन संस्थान (NISTASTADS)** का निदेशक नियुक्त किया गया है। इस संस्थान के अध्यक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा उपाध्यक्ष केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. हर्षवर्धन हैं। डॉ. रंजना की नियुक्ति छह वर्षों के लिये हुई है। यह संस्थान विज्ञान, समाज और राज्य के बीच संवाद के विभिन्न पहलुओं के अध्ययन तथा विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं समाज के बीच निरंतर जुड़ाव की संभावनाओं की खोज करता है। ज्ञातव्य है कि **वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद**भारत का सबसे बड़ा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर अनुसंधान एवं विकास संबंधी संस्थान है। इसकी स्थापना 1942 में हुई थी और इसकी 39 प्रयोगशालाएँ एवं 50 फील्ड स्टेशन देशभर में स्थित हैं।
- बहुराष्ट्रीय कंपनी **वेदांता** जल्द ही देश का पहला **तैरता हुआ सौर ऊर्जा संयंत्र** शुरू करने जा रही है। प्रायोगिक परियोजना के रूप में राजस्थान में स्थापित किया जा रहा यह संयंत्र 2-3 महीनों में पूरा हो जाएगा। वेदांता ग्रुप की कंपनी **हिंदुस्तान जिंक** के लिये यह संयंत्र विक्रम सोलर द्वारा तैयार किया जा रहा है। एक मेगावाट क्षमता का यह तैरता हुआ सौर संयंत्र **राजस्थान के चित्तौड़गढ़ के घोसुंडा बांध** पर स्थित होगा। इस सौर संयंत्र से एक साल में 1400 घरों को बिजली उपलब्ध कराई जा सकेगी।
- अमेरिका में नासा के वित्तपोषण वाले एक कार्यक्रम में भारत में स्थित **विश्व प्रसिद्ध पुरातत्त्व स्थलों** तथा संस्थानों का वीडियो बनाया गया है। इसके साथ ही उनकी वैज्ञानिक तथा तकनीक संबंधी जानकारी हिंदी में दी गई है। यह वीडियो जयपुर में आमेर का किला और हवा महल, विश्व धरोहर स्थल कुतुब मीनार और उसमें स्थित जंग प्रतिरोधक लौह स्तंभ, चांद बावड़ी की सीढ़ियाँ तथा जयपुर फुट के मुख्यालय पर केंद्रित है। नासा द्वारा वित्तपोषित कार्यक्रम **StarTalk** ने हिंदी, अरबी, चीनी और दुनिया की अन्य भाषाओं को पढ़ाना तथा सीखना अपनी प्राथमिकता में शामिल किया है। इस परियोजना के निदेशक वेद चौधरी को इसके लिये 90 हज़ार डॉलर का अनुदान मिला है। इस कार्यक्रम का प्रबंधन **मैरीलैंड विश्वविद्यालय** का **राष्ट्रीय विदेशी भाषा केंद्र** कर रहा है।